**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

क्रम संख्या 1000401

**टी. बी. सी. : KLFG-U-VBY**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A**

# परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता तथा वृत्तिक कौशल

***समय : दो घण्टे और तीस मिनट*** ***पूर्णांक : 300***

## अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि *न* हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।
2. कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में 150 प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. ग़लत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
11. इस परीक्षण पुस्तिका में दो भाग हैं । भाग A सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता के विषय में है और इसमें 75 प्रश्न हैं । भाग B वृत्तिक कौशल के विषय में है जिसमें 75 प्रश्न हैं । इन सभी 150 प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं ।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

## भाग A

## सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता

**1.** चाबाहार पत्तन (पोर्ट) निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?

(a) अफ़गानिस्तान

(b) तुर्की

(c) संयुक्त अरब अमीरात (यू.ए.ई.)

(d) ईरान

**2.** जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किसने जनसंख्या की उच्चतम दशकीय (2001 – 11) वृद्धि दर दर्ज की है ?

(a) राजस्थान

(b) अरुणाचल प्रदेश

(c) पुडुचेरी

(d) दादर और नगर हवेली

**3.** सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची I (पर्वत श्रृंखला)* | | *सूची II (देश)* |
|---|---|---|---|
| A. | कॉकेशस पर्वत | 1. | इटली |
| B. | कार्पेथियन पर्वत | 2. | ग्रीस |
| C. | अपेनिन पर्वत | 3. | जॉर्जिया |
| D. | पिंडस पर्वत | 4. | यूक्रेन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**4.** दस डिग्री चैनल निम्नलिखित में से किन्हें अलग करता है ?

(a) कार निकोबार और लिटिल निकोबार

(b) लिटिल अंडमान और मिडल अंडमान

(c) कार निकोबार और लिटिल अंडमान

(d) लिटिल अंडमान और ग्रेट निकोबार

**5.** आभूषण में दृढ़ता लाने के लिए निम्नलिखित में से किस धातु को स्वर्ण के साथ मिश्रित किया जाता है ?

(a) मैंगनीज

(b) अभ्रक

(c) ऐलुमिनियम

(d) ताम्र

**6.** निम्नलिखित में से किस मामले में, भारत के उच्चतम न्यायालय ने अधिनिर्णय दिया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा न्यायिक पुनर्विलोकन के अधीन है ?

(a) ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य

(b) एस.आर. बोम्मई और अन्य बनाम भारत संघ

(c) माधव राव बनाम भारत संघ

(d) एस.पी. गुप्ता बनाम भारत संघ

**7.** जैसे कि कहा जाता है, योजनाबद्ध विकास का युग निम्नलिखित में से किसके साथ प्रारंभ हुआ था ?

(a) 1945 में एम.एन. रॉय द्वारा तैयार की गई जन योजना (पीपल्स प्लान)

(b) 1944 में जे.आर.डी. टाटा और अन्य द्वारा तैयार की गई बॉम्बे योजना (बॉम्बे प्लान)

(c) 1944 में एस.एन. अग्रवाल द्वारा तैयार की गई गाँधीवादी योजना

(d) 1951 में जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तुत पंचवर्षीय योजना

## PART A

## GENERAL ABILITY AND INTELLIGENCE

1. In which one of the following countries is Chabahar Port located ?

   (a) Afghanistan

   (b) Turkey

   (c) UAE

   (d) Iran

2. Which one of the following has recorded the highest decadal (2001 – 11) growth rate of population as per Census 2011 ?

   (a) Rajasthan

   (b) Arunachal Pradesh

   (c) Puducherry

   (d) Dadra and Nagar Haveli

3. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List I* *(Mountain range)* | | *List II* *(Country)* |
|---|---|---|---|
| A. | Caucasus Mountains | 1. | Italy |
| B. | Carpathian Mountains | 2. | Greece |
| C. | Apennine Mountains | 3. | Georgia |
| D. | Pindus Mountains | 4. | Ukraine |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

4. Which one of the following are separated by Ten Degree channel ?

   (a) Car Nicobar and Little Nicobar

   (b) Little Andaman and Middle Andaman

   (c) Car Nicobar and Little Andaman

   (d) Little Andaman and Great Nicobar

5. Which one of the following metals is mixed with gold to provide strength to the jewellery ?

   (a) Manganese

   (b) Mica

   (c) Aluminium

   (d) Copper

6. In which one of the following cases did the Supreme Court of India adjudge that the proclamation of the President's Rule under Article 356 of the Constitution of India is subject to judicial review ?

   (a) A.K. Gopalan vs. State of Madras

   (b) S.R. Bommai and Others vs. Union of India

   (c) Madhav Rao vs. Union of India

   (d) S.P. Gupta vs. Union of India

7. The era of planned development is said to have begun with which of the following ?

   (a) The People's Plan prepared by M.N. Roy in 1945

   (b) The Bombay Plan prepared by J.R.D. Tata and Others in 1944

   (c) The Gandhian Plan prepared by S.N. Agarwal in 1944

   (d) Five-Year Plan presented by Jawaharlal Nehru in 1951

8. निम्नलिखित में से भारत के निर्वाचन आयोग के कार्यों में क्या शामिल *नहीं* है ?

(a) संसद और राज्य विधान-मंडलों का निर्वाचन करवाना

(b) किसी राज्य की निर्वाचक नामावली तैयार करने के कार्य का पर्यवेक्षण करना, निदेश देना और नियंत्रण करना

(c) राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति के पदों के लिए निर्वाचन करवाना

(d) नगरपालिका आदि जैसे स्थानीय निकायों के लिए निर्वाचन करवाना

9. *'गर्म हवा'* चलचित्र निम्नलिखित में से किन घटनाओं से संबंधित है, जिसमें नायक के कष्ट एवं अनिश्चय की स्थिति को दर्शाया गया है ?

(a) सिपाही विद्रोह

(b) नील क्रांति

(c) भारत का विभाजन

(d) पाइक विद्रोह

10. वोहरा समिति रिपोर्ट (1993) निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित है ?

(a) पुलिस सुधार

(b) निर्वाचन सुधार

(c) न्यायिक सुधार

(d) बाज़ार सुधार

11. चिपको आंदोलन निम्नलिखित में से किस मुद्दे से संबंधित है ?

(a) जनजातियों के भू अधिकार

(b) वनों की वाणिज्यिक कटाई

(c) दलितों पर अत्याचार

(d) कृषकों के अधिकार

12. निम्नलिखित में से किस अधिनियम के द्वारा भारत के गवर्नर जनरल की परिषद् में विधि सदस्य को सम्मिलित किया गया ?

(a) रेगुलेटिंग ऐक्ट, 1773

(b) पिट्स इंडिया ऐक्ट, 1784

(c) चार्टर ऐक्ट, 1833

(d) चार्टर ऐक्ट, 1813

13. भारत में गाँधीजी की प्रथम व्यापक सार्वजनिक उपस्थिति निम्नलिखित में से किस शहर में हुई थी ?

(a) बंबई, 1908

(b) बनारस, 1916

(c) सूरत, 1915

(d) दिल्ली, 1915

14. अक्टूबर, 1938 में एन.डब्ल्यू.एफ.पी. के दौरे पर गाँधीजी के साथ कौन *नहीं* गए थे/गईं थीं ?

(a) सुशीला नायर

(b) अम्तुस्सलाम

(c) जवाहरलाल नेहरू

(d) ख़ान अब्दुल ग़फ्फार ख़ान

15. पहला भारतीय कारख़ाना अधिनियम कब पारित हुआ ?

(a) 1858

(b) 1861

(c) 1881

(d) 1905

8. Which of the following is ***not*** among the functions of the Election Commission of India ?

(a) To conduct elections to the Parliament and State Legislatures

(b) To supervise, direct and control the preparations of the electoral rolls in a State

(c) To conduct elections to the offices of the President and the Vice-President

(d) To conduct elections to local bodies like municipalities etc.

9. *'Garam Hawa'*, a movie that depicts the hardship and indecision of the protagonist, is related to which one of the following events ?

(a) The Sepoy Mutiny

(b) The Indigo Rebellion

(c) The Partition of India

(d) The Paika Rebellion

10. The Vohra Committee Report (1993) was related to which one of the following areas ?

(a) Police Reforms

(b) Electoral Reforms

(c) Judicial Reforms

(d) Market Reforms

11. The Chipko Movement is related to which one of the following issues ?

(a) Land rights of tribals

(b) Commercial logging

(c) Atrocities against Dalits

(d) Rights of farmers

12. Which one of the following Acts added a Law member to the Governor General's Council in India ?

(a) The Regulating Act of 1773

(b) The Pitts India Act of 1784

(c) The Charter Act of 1833

(d) The Charter Act of 1813

13. Gandhiji's first major public appearance in India happened in which one of the following cities ?

(a) Bombay, 1908

(b) Banaras, 1916

(c) Surat, 1915

(d) Delhi, 1915

14. Who did ***not*** accompany Gandhiji during his visit to the NWFP in October, 1938 ?

(a) Sushila Nayar

(b) Amtus Salam

(c) Jawaharlal Nehru

(d) Khan Abdul Ghaffar Khan

15. The first Indian Factories Act was passed in :

(a) 1858

(b) 1861

(c) 1881

(d) 1905

16. 'प्रांतीय स्वशासन' निम्नलिखित में से किस अधिनियम की उत्तम विशेषता (रिडीमिंग फ़ीचर) है ?

(a) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट, 1919

(b) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ऐक्ट, 1935

(c) रॉलेट ऐक्ट, 1919

(d) इंडियन काउंसिल्स ऐक्ट, 1892

17. 1905 में स्वदेशी आंदोलन के प्रारंभ के समय कौन बंगीय साहित्य परिषद के सेक्रेटरी थे ?

(a) रवींद्रनाथ टैगोर

(b) रामेंद्रसुंदर त्रिवेदी

(c) सतीश चंद्र मुखर्जी

(d) राजा सुबोध मल्लिक

18. एक 150 मीटर लंबी ट्रेन एक मील-पत्थर को 10 सेकण्ड में पार करती है । समान चाल (स्पीड) से चल रही दूसरी ट्रेन उस मील-पत्थर को 12 सेकण्ड में पार करती है । दूसरी ट्रेन की लंबाई कितनी है ?

(a) 180 m

(b) 120 m

(c) 200 m

(d) 100 m

19. एक माँ अपने तीन बच्चों A, B और C को क्रमशः 3 : 4 : 5 के अनुपात में जेब-खर्च राशि देती है । इसके बाद, पिता प्रत्येक बच्चे को ₹ 40 देता है । परिणामस्वरूप अब A, B और C की जेब-खर्च राशि का अनुपात क्रमशः 5 : 6 : 7 हो जाता है । C को उसकी माँ से कितनी राशि मिली ?

(a) ₹ 80

(b) ₹ 100

(c) ₹ 120

(d) ₹ 60

20. यदि किसी ग़ैर-अधिवर्ष (नॉन-लीप ईयर) में 1 जनवरी को सोमवार है, तो उस वर्ष 31 दिसंबर को निम्नलिखित में से कौन-सा वार होगा ?

(a) सोमवार

(b) मंगलवार

(c) रविवार

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. एक दुकानदार अपने सामान पर 10% की छूट देता है । किसी सामान की अंकित कीमत ₹ 280 है । उस सामान को बेचने पर दुकानदार 26% लाभ अर्जित करता है । उस सामान की लागत कीमत क्या है ?

(a) ₹ 260

(b) ₹ 240

(c) ₹ 200

(d) ₹ 180

22. एक दुकानदार 5% की हानि को 5% के लाभ में बदलने के लिए एक सामान की कीमत को ₹ 500 बढ़ा देता है । उस सामान की लागत कीमत क्या है ?

(a) ₹ 1,000

(b) ₹ 5,000

(c) ₹ 10,000

(d) ₹ 1,200

23. जब दो संख्याओं के योगफल के वर्ग को उनके अंतर के वर्ग में जोड़ा जाता है, तो संख्या 416 प्राप्त होती है । योगफल के वर्ग और अंतर के वर्ग के बीच का अंतर 384 है । वे संख्याएँ कौन-सी हैं ?

(a) 18 और 24

(b) 12 और 16

(c) 8 और 12

(d) 10 और 12

16. 'Provincial Autonomy' was the most redeeming feature of which one of the following Acts ?

(a) The Government of India Act, 1919

(b) The Government of India Act, 1935

(c) The Rowlatt Act, 1919

(d) The Indian Councils Act, 1892

17. At the beginning of the Swadeshi Movement in 1905, who was the Secretary of the Bangiya Sahitya Parishad ?

(a) Rabindranath Tagore

(b) Ramendrasundar Trivedi

(c) Satish Chandra Mukherjee

(d) Raja Subodh Mullick

18. A train of 150 m length crosses a milestone in 10 seconds. Another train with the same speed crosses the milestone in 12 seconds. What is the length of the second train ?

(a) 180 m

(b) 120 m

(c) 200 m

(d) 100 m

19. A mother gives pocket money to her three children A, B and C in the ratio 3 : 4 : 5 respectively. Then the father gives ₹ 40 to each child. As a result, the pocket money of A, B and C now has the ratio 5 : 6 : 7 respectively. How much does C get from her mother ?

(a) ₹ 80

(b) ₹ 100

(c) ₹ 120

(d) ₹ 60

20. If the 1st of January of a non-leap year is a Monday, then which one of the following days will the 31st of December of that year be ?

(a) Monday

(b) Tuesday

(c) Sunday

(d) None of the above

21. A shopkeeper gives a discount of 10% on his items. ₹ 280 is the marked price of an item. On selling this item, the shopkeeper earns a profit of 26%. What is the cost price of the item ?

(a) ₹ 260

(b) ₹ 240

(c) ₹ 200

(d) ₹ 180

22. In order to convert a loss of 5% to a profit of 5%, a shopkeeper raises the price of an item by ₹ 500. What is the cost price of the item ?

(a) ₹ 1,000

(b) ₹ 5,000

(c) ₹ 10,000

(d) ₹ 1,200

23. When the square of the sum of two numbers are added to the square of their difference, we get 416. The difference between the square of the sum and square of the difference is 384. What are the numbers ?

(a) 18 and 24

(b) 12 and 16

(c) 8 and 12

(d) 10 and 12

24. पत्तों और अन्य पादप सामग्रियों के अपघटन से निर्मित मृदा के जैव घटक को क्या कहते हैं, जिससे मृदा की उर्वरता में वृद्धि होती है ?

(a) ह्यूमस

(b) ऊपरी मृदा

(c) B-संस्तर (B-होराइज़न)

(d) खनिजीभवन

25. निम्नलिखित में से किसे पृथ्वी के जीवन-सहायक मंडल (लाइफ़-सपोर्टिंग ज़ोन) के रूप में जाना जाता है ?

(a) पारिस्थितिक तंत्र

(b) जीवमंडल

(c) वायुमंडल

(d) जीवोम (बायोम)

26. संक्रामक रोग हवा (छींक और खाँसी), जल, खाद्य, कीट और रोगवाहकों जैसे विविध माध्यमों से फैल सकते हैं । निम्नलिखित में से किस रोग का कोई रोगवाहक (वेक्टर) ***नहीं*** है ?

(a) एड्स

(b) मलेरिया

(c) डेंगू

(d) ज़ीका

27. आप किसी जीव को निम्नलिखित में से किस जीव-जगत (किंगडम) में रखेंगे, जो सुकेंद्रकी, बहु-कोशिकीय और अप्रकाश-संश्लेषी है ?

(a) प्रोटिस्टा

(b) मोनेरा

(c) कवक (फंजाई)

(d) ऐनिमेलिया

28. निम्नलिखित में से किस कोशिका अंगक (सेल ऑर्गैनेल) पर झिल्ली की परत ***नहीं*** होती है ?

(a) लयनकाय (लाइसोसोम)

(b) राइबोसोम

(c) केंद्रक

(d) गॉल्जी उपकरण

29. वास्तविक सूर्यास्त और दृष्ट सूर्यास्त (अपैरेंट सनसेट) के बीच कितना समयांतर होता है ?

(a) लगभग आधा मिनट

(b) लगभग एक मिनट

(c) लगभग दो मिनट

(d) लगभग बीस मिनट

30. निम्नलिखित में से किन्हें 'पड़ाव पत्तन (पोर्ट्स ऑफ़ कॉल)' कहते हैं ?

(a) इन पत्तनों का केवल रणनीतिक महत्त्व है

(b) ऐसे पत्तन, जहाँ विभिन्न देशों से निर्यात के लिए माल लाया जाता है

(c) ऐसे पत्तन, जहाँ पोत ईंधन भरवाने के लिए लंगर डालते हैं

(d) ऐसे पत्तन जो केवल यात्रियों के परिवहन से संबद्ध हैं

24. The organic component of soil, formed by the decomposition of leaves and other plant materials that adds to the fertility of the soil is called :

(a) Humus.

(b) Top soil.

(c) B-horizon.

(d) Mineralization.

25. Which one of the following is known as the life-supporting zone of the Earth ?

(a) Ecosystem

(b) Biosphere

(c) Atmosphere

(d) Biome

26. Infectious diseases can spread through various means, such as air (sneezes and coughs), water, food, insects and vectors. Which one of the following diseases does *not* have a vector ?

(a) AIDS

(b) Malaria

(c) Dengue

(d) Zika

27. In which one of the following kingdoms, would you place an organism which is eukaryotic, multi-cellular and non-photosynthetic ?

(a) Protista

(b) Monera

(c) Fungi

(d) Animalia

28. Which one of the following cell organelles is *not* lined by membrane ?

(a) Lysosome

(b) Ribosome

(c) Nucleus

(d) Golgi Apparatus

29. What is the time difference between the actual sunset and apparent sunset ?

(a) About half a minute

(b) About one minute

(c) About two minutes

(d) About twenty minutes

30. Which of the following are called the 'Ports of Call' ?

(a) These ports have only strategic importance

(b) Ports where goods are brought for export from different countries

(c) Ports where ships used to anchor for refuelling

(d) Ports which are exclusively concerned with transportation of passengers

31. निम्नलिखित में से किस देश से होकर मकर-रेखा गुज़रती है ?
(a) बोलिविया
(b) बोत्सवाना
(c) ज़िम्बाब्वे
(d) उरुग्वे

32. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी घाटी कोयला उत्पादन से जुड़ी है ?
(a) सोन
(b) अलकनंदा
(c) चंबल
(d) यमुना

33. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी शिपकी ला दर्रा में से होकर बहती है ?
(a) रावी
(b) झेलम
(c) ब्यास
(d) सतलुज

34. छत्तीसगढ़ के साथ निम्नलिखित में से किस राज्य की सीमा ***नहीं*** लगती है ?
(a) झारखंड
(b) बिहार
(c) ओडिशा
(d) तेलंगाना

35. सरकारिया आयोग निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित है ?
(a) शहरी पंचायतों का गठन
(b) केंद्र-राज्य संबंध
(c) निर्वाचन सुधार
(d) उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति

36. संसदीय लोक लेखा समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति कौन करता है ?
(a) लोक सभा के अध्यक्ष
(b) राज्य सभा के सभापति
(c) भारत के राष्ट्रपति
(d) लोक सभा में बहुमत प्राप्त दल के नेता

37. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | *सूची I* | | *सूची II* |
|---|---|---|---|
| A. | संपूर्ण क्रांति | 1. | जॉर्ज फ़र्नान्डिस |
| B. | ग़रीबी हटाओ | 2. | जय प्रकाश नारायण |
| C. | शाह आयोग | 3. | इंदिरा गाँधी |
| D. | रेलवे हड़ताल | 4. | जनता दल सरकार |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

38. निम्नलिखित में से किसका संबंध 'शक्तियों का पृथक्करण' के सिद्धांत से है ?
(a) उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय और जिला न्यायालय
(b) लोक सभा, राज्य सभा और राज्य विधान-मंडल
(c) विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका
(d) राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री और न्यायाधीश

39. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के संबंध में सही ***नहीं*** है ?
(a) यह किसी याचिका की स्वप्रेरणा से जाँच कर सकता है ।
(b) यह भारत सरकार का निकाय है ।
(c) यह आतंकवादी कृत्यों सहित किसी भी मामले का पुनर्विलोकन कर सकता है जो मानव अधिकारों के उपभोग में विघ्न डालता है ।
(d) यह मानव अधिकारों से संबंधित जानकारी का प्रसार करता है ।

40. निम्नलिखित में से किसका संबंध 'विशाखा दिशा-निर्देशों' से है ?
(a) बाल-विवाह प्रतिषेध
(b) स्त्रीलिंगी भ्रूणवध (कन्या भ्रूणहत्या)
(c) महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न
(d) दहेज प्रतिषेध

**31.** Tropic of Capricorn passes through which one of the following countries ?

(a) Bolivia

(b) Botswana

(c) Zimbabwe

(d) Uruguay

**32.** Which one of the following river valleys is associated with the production of coal ?

(a) Sone

(b) Alaknanda

(c) Chambal

(d) Yamuna

**33.** Which one of the following rivers flows through the Shipki La Pass ?

(a) Ravi

(b) Jhelum

(c) Beas

(d) Satluj

**34.** Which one of the following States does ***not*** make boundary with Chhattisgarh ?

(a) Jharkhand

(b) Bihar

(c) Odisha

(d) Telangana

**35.** The Sarkaria Commission relates to which one of the following areas ?

(a) Constitution of Urban Panchayats

(b) Centre-State relations

(c) Electoral reforms

(d) Appointment of judges to High Courts

**36.** Who appoints the Chairperson of the Public Accounts Committee of the Parliament ?

(a) Speaker, Lok Sabha

(b) Chairman, Rajya Sabha

(c) President of India

(d) Leader of the majority party in the Lok Sabha

**37.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| | *List I* | | *List II* |
|---|---|---|---|
| A. | Total Revolution | 1. | George Fernandes |
| B. | Garibi Hatao | 2. | Jaya Prakash Narayan |
| C. | Shah Commission | 3. | Indira Gandhi |
| D. | Railway Strike | 4. | Janata Party Government |

**Code :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**38.** Which one of the following is related with the doctrine of 'Separation of Powers' ?

(a) Supreme Court, High Courts and District Courts

(b) Lok Sabha, Rajya Sabha and State Legislatures

(c) Legislature, Executive and Judiciary

(d) President, Prime Minister and Judges

**39.** Which one of the following statements is ***not*** true in regard to the National Human Rights Commission ?

(a) It can inquire *suo motu* on a petition.

(b) It is a body of the Government of India.

(c) It can review any matter including acts of terrorism that inhibit the enjoyment of Human Rights.

(d) It spreads Human Rights literacy.

**40.** Which one of the following is related to the 'Vishakha Guidelines' ?

(a) Prohibition of child marriage

(b) Female foeticide

(c) Sexual harassment of women at workplace

(d) Prohibition of dowry

41. पुत्रियों को पुत्रों के समान सह-वारिस बनाने संबंधी अधिनियम किस वर्ष अधिनियमित किया गया ?

(a) 1955
(b) 1956
(c) 1961
(d) 1975

42. ब्रिटिश शासन के अधीन भारत का पहला वायसराय निम्नलिखित में से कौन था ?

(a) लॉर्ड डलहौजी
(b) लॉर्ड कॉर्नवालिस
(c) विस्काउंट कैनिंग
(d) अर्ल ऑफ मेयो

43. 1869 में स्वेज़ नहर के खोलने तथा विश्व अर्थव्यवस्था के साथ इसके संबंध के बाद, निम्नलिखित में से किस भारतीय शहर को *'भारत का प्रथम शहर (अर्ब्स प्राइमा इन इंडिस)'* के रूप में चिह्नित किया गया ?

(a) बम्बई
(b) मद्रास
(c) कलकत्ता
(d) सूरत

44. कलकत्ता में गठित लॉटरी समिति (1817) का मुख्य प्रयोजन निम्नलिखित में से कौन-सा था ?

(a) क्लब लॉटरियों को विनियमित करना
(b) सैन्य भर्ती के लिए लॉटरी निकालना
(c) नगर योजना बनाना
(d) सड़कों पर जुआ खेलने पर रोक लगाना

45. निम्नलिखित में से कौन-सा शैव तांत्रिक संप्रदाय *नहीं* था ?

(a) सहजिया
(b) कापालिक
(c) कालमुख
(d) नाथ

46. द्वितीय गोल मेज़ सम्मेलन में, निम्नलिखित में से किसने फिक्की (FICCI) प्रतिनिधि-मंडल का नेतृत्व किया था ?

(a) जे.आर.डी. टाटा
(b) होमी मोदी
(c) जे.एल. बजाज
(d) जी.डी. बिरला और ठाकुरदास

47. निम्नलिखित में से किसने वर्ष 1928 में गठित भारतीय राज्य समिति (इंडियन स्टेटस् कमिटी) की अध्यक्षता की थी ?

(a) मोतीलाल नेहरू
(b) सर हारकोर्ट बटलर
(c) इयन कोपलैंड
(d) एम.ए. जिन्ना

48. यदि पाँच क्रमागत सम संख्याओं का योगफल, प्रथम पाँच धनपूर्ण संख्याओं के गुणनफल के बराबर है, तो निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या, उन सम संख्याओं की बृहत्तम होगी ?

(a) 30
(b) 24
(c) 26
(d) 28

49. 30 विद्यार्थियों के एक समूह में, प्रत्येक विद्यार्थी ने हिंदी और अंग्रेज़ी – दो विषयों में से कम-से-कम एक का चयन किया है । उनमें से बारह विद्यार्थियों ने हिंदी और बाईस विद्यार्थियों ने अंग्रेज़ी का चयन किया है । केवल अंग्रेज़ी का चयन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या कितनी है ?

(a) 22
(b) 18
(c) 12
(d) 8

50. 3, 6, 9, 12, ... 20वें पद तक की संख्याओं का योगफल क्या होगा ?

(a) 600
(b) 1260
(c) 630
(d) 960

41. The Act to make daughters an equal co-heir with the sons was enacted in :

(a) 1955

(b) 1956

(c) 1961

(d) 1975

42. Who among the following was the first Viceroy of India under British Rule ?

(a) Lord Dalhousie

(b) Lord Cornwallis

(c) Viscount Canning

(d) Earl of Mayo

43. Which one of the following Indian cities was labelled as *'Urbs Prima in Indis'* after the opening of the Suez Canal in 1869 and its links with the world economy ?

(a) Bombay

(b) Madras

(c) Calcutta

(d) Surat

44. Which one of the following was the main purpose of the Lottery Committee (1817) formed in Calcutta ?

(a) Regulating Club Lotteries

(b) Drawing lots for military recruitment

(c) Organizing town planning

(d) Checking street gambling

45. Which one of the following was ***not*** a Shaiva tantric sect ?

(a) Sahajiyas

(b) Kapalikas

(c) Kalamukhas

(d) Nathas

46. At the Second Round Table Conference, who among the following led the FICCI delegation ?

(a) J.R.D. Tata

(b) Homi Mody

(c) J.L. Bajaj

(d) G.D. Birla and Thakurdas

47. Who among the following headed the Indian States Committee formed in the year 1928 ?

(a) Motilal Nehru

(b) Sir Harcourt Butler

(c) Ian Copland

(d) M.A. Jinnah

48. If the sum of five consecutive even numbers is equal to the product of first five natural numbers, then which one of the following is the largest of those even numbers ?

(a) 30

(b) 24

(c) 26

(d) 28

49. In a group of 30 students, each student has opted for at least one of the two subjects, Hindi and English. Twelve of them have opted for Hindi and twenty-two have opted for English. The number of students who have opted for only English is :

(a) 22

(b) 18

(c) 12

(d) 8

50. The sum of the numbers 3, 6, 9, 12, ... up to the $20^{th}$ term is :

(a) 600

(b) 1260

(c) 630

(d) 960

51. 2 cm त्रिज्या वाले ठोस धात्विक गोले को पिघलाया जाता है और घन में बदला जाता है । घन की भुजा लगभग किसके बराबर होगी ?

(a) 2·4 cm
(b) 2·8 cm
(c) 3·2 cm
(d) 3·6 cm

52. 'A' से 'B' 28 वर्ष बड़ा है । अब से 12 वर्ष के बाद, 'B' की आयु 'A' की आयु से दुगुनी होगी । 'A' की वर्तमान आयु कितनी है ?

(a) 10 वर्ष
(b) 12 वर्ष
(c) 30 वर्ष
(d) 16 वर्ष

53. मान लीजिए, 'A' किसी कार्य को 10 दिन में पूरा कर सकता है तथा 'A' और 'B' दोनों मिलकर उसी कार्य को 6 दिन में पूरा कर सकते हैं । 'B' अकेले उस कार्य को कितने दिन में पूरा कर सकता है ?

(a) 15 दिन
(b) 12 दिन
(c) 18 दिन
(d) 20 दिन

54. किस परिघटना के कारण सूर्योदय एवं सूर्यास्त के समय आकाश का रंग नीला और सूर्य रक्ताभ (लाल) होता है ?

(a) प्रकाश का परिक्षेपण (डिसपर्शन)
(b) प्रकाश का परावर्तन (रिफ्लेक्शन) और अपवर्तन (रिफ्रैक्शन)
(c) प्रकाश का विपथन (एबेरेशन)
(d) प्रकाश का प्रकीर्णन (स्कैटेरिंग)

55. निम्नलिखित में से किस सामग्री का उपयोग लेन्स बनाने के लिए ***नहीं*** किया जा सकता ?

(a) जल
(b) काँच
(c) प्लास्टिक
(d) मृत्तिका (क्ले)

56. डाइऑप्टर किसका एस.आई. मात्रक (SI unit) है ?

(a) लेन्स का आमाप (साइज़)
(b) लेन्स की वक्रता
(c) लेन्स की क्षमता
(d) लेन्स द्वारा उत्पन्न आवर्धन

57. किसी समतल दर्पण द्वारा बनने वाला प्रतिबिंब कैसा होता है ?

(a) सदा आभासी और सीधा
(b) सदा आभासी किंतु सीधा बनेगा अथवा उलटा, यह वस्तु के आकार पर निर्भर करता है
(c) कभी भी आभासी नहीं किंतु सदा सीधा
(d) सदा वास्तविक और सीधा

58. काली स्याही में विद्यमान रंजकों (डाइ) को किस प्रक्रिया से पृथक् किया जा सकता है ?

(a) वाष्पीकरण
(b) अपकेंद्रीकरण
(c) ऊर्ध्वपातन
(d) वर्णलेखन

59. वायुमंडलीय वायु के मुख्य घटक ऑक्सीजन ($O_2$) और नाइट्रोजन ($N_2$) हैं । $O_2$ और $N_2$ का संघटन (कंपोजीशन) लगभग कितना है ?

(a) क्रमश: 29% और 70%
(b) क्रमश: 19% और 80%
(c) क्रमश: 21% और 78%
(d) क्रमश: 23% और 76%

60. निम्नलिखित में से कौन-सी बृहत्तम 3-अंकीय संख्या है, जिसे क्रमश: 12, 15 और 18 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 5 आता है ?

(a) 955
(b) 905
(c) 995
(d) 755

51. A solid metallic sphere of 2 cm radius is melted and converted to a cube. The side of the cube is approximately equal to :

(a) 2·4 cm

(b) 2·8 cm

(c) 3·2 cm

(d) 3·6 cm

52. 'B' is 28 years older than 'A'. After 12 years from now, the age of 'B' will be twice the age of 'A'. The present age of 'A' is :

(a) 10 years

(b) 12 years

(c) 30 years

(d) 16 years

53. Suppose, 'A' can complete a job in 10 days, and 'A' and 'B' together can complete the same job in 6 days. In how many days can 'B' alone complete the job ?

(a) 15 days

(b) 12 days

(c) 18 days

(d) 20 days

54. The blue colour of the sky and the reddening of the Sun at sunrise and sunset are caused due to the phenomenon of :

(a) dispersion of light.

(b) reflection and refraction of light.

(c) aberration of light.

(d) scattering of light.

55. Which one of the following materials *cannot* be used to make a lens ?

(a) Water

(b) Glass

(c) Plastic

(d) Clay

56. Dioptre is the SI unit of :

(a) size of the lens.

(b) curvature of the lens.

(c) power of the lens.

(d) magnification produced by a lens.

57. The image formed by a plane mirror is :

(a) always virtual and erect.

(b) always virtual but erect or inverted depends upon the size of the object.

(c) never virtual but always erect.

(d) always real and erect.

58. Dyes in black ink can be separated by :

(a) evaporation.

(b) centrifugation.

(c) sublimation.

(d) chromatography.

59. The main constituents of atmospheric air are Oxygen ($O_2$) and Nitrogen ($N_2$). The composition of $O_2$ and $N_2$ is approximately :

(a) 29% and 70% respectively.

(b) 19% and 80% respectively.

(c) 21% and 78% respectively.

(d) 23% and 76% respectively.

60. Which one of the following is the largest 3-digit number which when divided by 12, 15 and 18 respectively, gives a remainder 5 in each case ?

(a) 955

(b) 905

(c) 995

(d) 755

61. 5 हरी गेंद और 4 लाल गेंद वाले पैक में से 2 गेंदों को यादृच्छिक रूप से निकाला जाता है । इसकी क्या प्रायिकता है कि दोनों गेंद एक ही रंग की हों ?

(a) 5/9

(b) 4/9

(c) 2/9

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

62. यदि $\alpha$ और $\beta$, समीकरण $x^2 - 7x + 11 = 0$ के मूल हैं, तो $\alpha^3 + \beta^3$ का मान किसके बराबर है ?

(a) 112

(b) 77

(c) 49

(d) 224

63. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ मानक ताप और दाब पर ऊर्ध्वपातन व्यवहार या गुणधर्म प्रदर्शित करता है ?

(a) ठोस कार्बन डाइऑक्साइड

(b) जल

(c) द्रव नाइट्रोजन

(d) लोहा

64. एंटासिड टैबलेट (अम्लनाशक गोली) या औषधियों में निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक विद्यमान होता है, जिसका प्रयोग आमाशय में अपाचन और अम्लता का उपचार करने के लिए किया जाता है ?

(a) सोडियम हाइड्रॉक्साइड

(b) पोटैशियम हाइड्रॉक्साइड

(c) लिथियम हाइड्रॉक्साइड

(d) ऐलुमिनियम हाइड्रॉक्साइड

65. किसी दीप्त प्रतिदीप्ति नलिका (ग्लोइंग फ्लुओरेसेंट ट्यूब) में द्रव्य की अवस्था क्या है ?

(a) गैस

(b) द्रव

(c) प्लाज़्मा

(d) बोस-आइन्सटाइन द्राव (कंडेंसेट)

66. कालेश्वरम् उत्थित सिंचाई (लिफ्ट इरिगेशन) परियोजना, जिसकी जन-संचार माध्यमों में प्रायः चर्चा होती है, निम्नलिखित में से किस नदी पर बनाई गई है ?

(a) कावेरी

(b) गोदावरी

(c) कृष्णा

(d) पेन्नार (पेन्नेरु)

67. हाल ही में, निम्नलिखित में से किस देश में सेना ने सरकार को हटा दिया और सत्ता छीन ली ?

(a) बेलारूस

(b) कोस्टा रिका

(c) सूडान

(d) तुर्कमेनिस्तान

68. हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यू.एच.ओ.) ने निम्नलिखित में से किस रोग/संक्रमण के विरुद्ध विश्व के पहले टीके के व्यापक प्रयोग को अनुमोदित किया है ?

(a) हेपेटाइटिस सी

(b) निपा वाइरस

(c) मलेरिया

(d) ज़ीका वाइरस

61. From a pack of 5 green balls and 4 red balls, 2 balls are drawn at random. What is the probability that both the balls are of the same colour ?

(a) 5/9

(b) 4/9

(c) 2/9

(d) None of the above

62. If $\alpha$ and $\beta$ are the roots of the equation $x^2 - 7x + 11 = 0$, then the value of $\alpha^3 + \beta^3$ is equal to :

(a) 112

(b) 77

(c) 49

(d) 224

63. Which one of the following substances shows sublimation behaviour or property at standard temperature and pressure ?

(a) Solid carbon dioxide

(b) Water

(c) Liquid nitrogen

(d) Iron

64. Which one of the following compounds is present in antacid tablets or medicines which are used to cure indigestion and acidity in the stomach ?

(a) Sodium hydroxide

(b) Potassium hydroxide

(c) Lithium hydroxide

(d) Aluminium hydroxide

65. What is the state of matter in a glowing fluorescent tube ?

(a) Gas

(b) Liquid

(c) Plasma

(d) Bose-Einstein Condensate

66. Kaleshwaram Lift Irrigation Project, often discussed in media, is built across which one of the following rivers ?

(a) Cauvery

(b) Godavari

(c) Krishna

(d) Penneru

67. Recently, in which one of the following countries did the military oust the Government and seize power ?

(a) Belarus

(b) Costa Rica

(c) Sudan

(d) Turkmenistan

68. Recently, the WHO has approved the widespread use of the World's first vaccine against which one of the following diseases/infections ?

(a) Hepatitis C

(b) Nipah Virus

(c) Malaria

(d) Zika Virus

69. केंद्र सरकार, भारत के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को पाम तेल केंद्र (ऑयल पाम हब) बनाने के लिए बड़ा कदम उठाने की योजना बना रही है ?

(a) कोरोमंडल तट

(b) उत्तर-पूर्वी राज्य

(c) रायलसीमा

(d) सौराष्ट्र

70. हाल ही में समाचारों में रहे निम्नलिखित में से किस देश ने दो वर्षों में अपने मुद्रा मूल्य का 90% से भी अधिक खो दिया है ?

(a) अल्जीरिया

(b) लेबनान

(c) मोरक्को

(d) तुर्की

71. हाल ही में, भारत के उच्चतम न्यायालय ने गुजरात और राजस्थान में निम्नलिखित में से किसकी रक्षा के लिए उच्च-वोल्टता वाली भूमिगत विद्युत लाइनें बिछाने का आदेश दिया है ?

(a) महान भारतीय सारंग

(b) महान भारतीय धनेश

(c) स्पॉट बिल पेलिकन

(d) सारस क्रेन

72. पोलावरम परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए, जिनकी चर्चा प्राय: समाचारों में होती है :

1. इसे गोदावरी नदी पर बनाया जा रहा है ।
2. इसका उद्देश्य आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के हिस्सों में सिंचाई जल की आपूर्ति करना है ।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

73. कुशीनगर के ऐतिहासिक महत्त्व के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) सिद्धार्थ गौतम ने इसी स्थान से 'महाप्रस्थान' किया था और वे तपस्वी, श्रमण बन गए ।

(b) सिद्धार्थ गौतम को इसी स्थान पर ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और वे बुद्ध बन गए ।

(c) बुद्ध ने इसी जगह पर पहला उपदेश दिया था जिसे धर्मचक्र-परिवर्तन सूत्र के रूप में जाना जाता है ।

(d) बुद्ध ने यहाँ देह-त्याग किया था जिसे महापरिनिर्वाण के रूप में जाना जाता है ।

74. 'पी.एम. गति शक्ति' क्या है, जिसकी चर्चा प्राय: समाचारों में होती है ?

(a) आधारिक-संरचना विकास के लिए एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म

(b) संघ सरकार का ग़रीबी उन्मूलन कार्यक्रम

(c) प्रवासी श्रमिकों के लिए समग्र कल्याण कार्यक्रम

(d) देश की रक्षा क्षमता विकसित करने के लिए महा आयोजना (मास्टर प्लान)

75. हाल ही में, समाचारों में रही 'विफलता-दायित्व' संकल्पना (फॉल-बैक लाइअबिलिटि कंसेप्ट) किससे संबंधित है ?

(a) केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को अनुदान

(b) ई-वाणिज्यिक कंपनियों का व्यापार

(c) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का पुन:पूँजीकरण

(d) छोटे बैंकों का बड़े बैंकों के साथ विलय

69. The Central Government is planning to make major interventions in which one of the following regions of India to make it an oil palm hub ?

(a) Coromandel Coast
(b) North-Eastern States
(c) Rayalaseema
(d) Saurashtra

70. Which one among the following countries, which was in the news recently, has lost more than 90% of the value of its currency in two years ?

(a) Algeria
(b) Lebanon
(c) Morocco
(d) Turkey

71. Recently, the Supreme Court of India ordered the laying of underground high-voltage power lines in Gujarat and Rajasthan to save the :

(a) Great Indian Bustard.
(b) Great Indian Hornbill.
(c) Spot-Billed Pelican.
(d) Sarus Crane.

72. Consider the following statements with respect to Polavaram Project often mentioned in the news :

1. It is being constructed on river Godavari.
2. It is meant to supply irrigation water to parts of Andhra Pradesh, Telangana and Chhattisgarh.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

73. Which one of the following statements with regard to historical importance of Kushinagar, is correct ?

(a) Siddhartha Gautama's 'great departure' took place here and he became an ascetic, a Sramana.
(b) Siddhartha Gautama obtained his enlightenment here and he became Buddha.
(c) Buddha gave his first sermon known as Dharmachakra-parivartana sutra.
(d) Buddha passed away here, which is known as Mahaparinirvana.

74. What is 'PM Gati Shakti' often seen in the news ?

(a) An integrated digital platform for infrastructure development
(b) A poverty alleviation programme of the Union Government
(c) A holistic welfare programme meant for migrant labour
(d) A master plan to develop the country's defence capabilities

75. The concept 'fallback liability', recently in the news, is in relation to :

(a) the Central Government grants to States.
(b) business of e-commerce companies.
(c) recapitalisation of public sector banks.
(d) merger of small banks with big banks.

## भाग B
## वृत्तिक कौशल

76. मानव रक्षक की तुलना में अभिगम नियंत्रण (एक्सेस कंट्रोल) के साधन के रूप में कार्ड वाचक (कार्ड रीडर) लोकप्रिय हो रहा है । इस संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?
   (a) यह बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है क्योंकि इसे रिश्वत नहीं दी जा सकती है ।
   (b) यह अधिक किफायती है ।
   (c) यह कभी विफल नहीं हो सकता है ।
   (d) यह सदा सतर्क रहता है ।

77. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्मिक अभिगम नियंत्रण प्रणाली (पर्सनेल एक्सेस कंट्रोल सिस्टम) का कार्य ***नहीं*** है ?
   (a) पहचान-पत्र तैयार करना
   (b) परिप्रश्न करना (टु इनटेरोगेट)
   (c) निर्णय लेना
   (d) अनुक्रिया करना (रिस्पॉन्ड)

78. अग्नि संसूचकों (फायर डिटेक्टर्स) द्वारा निम्नलिखित में से किसका पता ***नहीं*** लगाया जाता है ?
   (a) विकिरण
   (b) ऊष्मा
   (c) प्रकाश
   (d) धूम्र

79. रात्रि दृष्टि साधनों (नाइट विजन डिवाइस) में क्या शामिल ***नहीं*** है ?
   (a) दूरबीन (टेलीस्कोप)
   (b) द्विनेत्री (बाइनाक्युलर)
   (c) एक्स-किरण (एक्स-रे)
   (d) अवरक्त प्रतिबिंब रूपांतरण नलिका (इन्फ्रारेड इमेज कन्वर्टर ट्यूब)

80. निम्नलिखित में से कौन-सा उच्च तीव्रता विस्फोटक ***नहीं*** है ?
   (a) टी.एन.टी.
   (b) आर.डी.एक्स.
   (c) काला बारूद
   (d) प्लास्टिक विस्फोटक

81. विमानन सुरक्षा में खोजी कुत्तों (स्निफर डॉग) के रूप में, कुत्तों की निम्नलिखित में से कौन-सी नस्ल उपयुक्त ***नहीं*** है ?
   (a) जर्मन शेपर्ड
   (b) कॉकर स्पैनियल
   (c) लैब्राडोर
   (d) पॉमेरेनियन

82. तलाशी ली जाने वाली वस्तु में, निम्नलिखित में से किसकी उपस्थिति का पता लगाने के लिए धातु संसूचक (मेटल डिटेक्टर) प्रयुक्त होता है ?
   (a) केवल लौह धातु
   (b) केवल लौह और प्लास्टिक वस्तुएँ
   (c) केवल लौह और अलौह वस्तुएँ
   (d) लौह, अलौह और प्लास्टिक वस्तुएँ

83. औद्योगिक स्थापनों को तकनीकी परामर्श सेवाएँ प्रदान करने के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी.आई.एस.एफ.) द्वारा प्राप्त की जाने वाली फीस (शुल्क) किस निधि में जमा की जाती है ?
   (a) केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कल्याण निधि
   (b) केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल परामर्श निधि
   (c) भारत की संचित निधि
   (d) भारत की आकस्मिकता निधि

84. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कार्य सी.सी.टी.वी. सिस्टम का/के मूलभूत कार्य है/हैं ?
   1. परिसर के किसी भवन में अनधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश नहीं करने देना
   2. किसी व्यक्ति के घटना स्थल पर उपस्थित न होते हुए भी किसी दृश्य को देखने के लिए उपलब्ध करना
   3. किसी क्रियाकलाप को भविष्य में देखने के लिए रिकॉर्ड करना

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) 1, 2 और 3
   (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 3
   (d) केवल 2 और 3

85. केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 के अनुसार, जहाँ तक केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा किसी व्यक्ति को गिरफ़्तार किए जाने के उपरांत अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का संबंध है, निम्नलिखित में से कौन-सा सही ***नहीं*** है ?
   (a) गिरफ़्तार किए गए व्यक्ति को निकटतम पुलिस थाने को सौंप देना
   (b) गिरफ़्तार किए गए व्यक्ति को उपक्रम के प्रबंधन को सौंप देना
   (c) गिरफ़्तार किए गए व्यक्ति को किसी पुलिस अधिकारी को सौंप देना
   (d) उन परिस्थितियों की रिपोर्ट तैयार करना जिसमें गिरफ़्तार किया गया है

## PART B
## PROFESSIONAL SKILL

76. Card reader as a means of Access Control is becoming popular as compared to a human guard. In this context, which one of the following statements is ***not*** correct ?
- (a) It offers better security as it cannot be bribed.
- (b) It is more economical.
- (c) It can never fail.
- (d) It is always alert.

77. Which one of the following is ***not*** a function of Personnel Access Control System ?
- (a) To prepare Identity Card
- (b) To interrogate
- (c) To take decisions
- (d) To respond

78. Which one of the following is ***not*** detected by fire detectors ?
- (a) Radiation
- (b) Heat
- (c) Light
- (d) Smoke

79. Night Vision Devices do ***not*** consist of :
- (a) Telescope.
- (b) Binocular.
- (c) X-rays.
- (d) Infrared image converter tube.

80. Which one of the following is ***not*** a High Intensity Explosive ?
- (a) TNT
- (b) RDX
- (c) Black gunpowder
- (d) Plastic explosive

81. Which one of the following breeds of dogs is ***not*** suitable as sniffer dogs in aviation security ?
- (a) German Shepherd
- (b) Cocker Spaniel
- (c) Labrador
- (d) Pomeranian

82. Metal detector is meant to detect the presence of which of the following in the search object ?
- (a) Ferrous metal only
- (b) Ferrous and plastic objects only
- (c) Ferrous and non-ferrous objects only
- (d) Ferrous, non-ferrous and plastic objects

83. The fee received by CISF for Technical Consultancy Services to industrial establishments is credited to :
- (a) CISF Welfare Fund.
- (b) CISF Consultancy Fund.
- (c) Consolidated Fund of India.
- (d) Contingency Fund of India.

84. Which of the following is/are the basic function(s) of a CCTV system ?
1. To disallow unauthorised persons to enter into any building in the premises
2. To allow a person to observe a scene without being present at the scene
3. To allow an activity to be recorded for future viewing

Select the correct answer using the code given below :
- (a) 1, 2 and 3
- (b) 2 only
- (c) 1 and 3 only
- (d) 2 and 3 only

85. As per the CISF Act, 1968, which of the following is ***not*** correct as far as the procedure to be followed after arrest by CISF is concerned ?
- (a) To hand over the arrested person to the nearest police station
- (b) To hand over the arrested person to the management of the undertaking
- (c) To hand over the arrested person to a police officer
- (d) To prepare a report of the circumstances occasioning the arrest

86. निम्नलिखित में से कौन उच्चतम श्रेणी संरक्षाधारी (प्रोटेक्टी) है ?
   (a) Z श्रेणी संरक्षाधारी
   (b) Z+ श्रेणी संरक्षाधारी
   (c) एस.पी.जी. संरक्षाधारी
   (d) सी.आई.एस.एफ. संरक्षाधारी

87. किसी यूनिट में आग लगने की स्थिति में, निम्नलिखित में से क्या *नहीं* किया जाना चाहिए ?
   (a) आग को फैलने से रोकना
   (b) उपयुक्त उपकरणों और पर्याप्त जन-शक्ति के साथ यथाशीघ्र उस स्थान पर पहुँचना
   (c) स्थानीय पुलिस को सूचित करना और पुलिस के पहुँचने तक प्रतीक्षा करना
   (d) आग में फंसे लोगों का बचाव

88. यादृच्छिक तलाशी (रैंडम फ्रिस्किंग) का आशय, किसकी तलाशी से है ?
   (a) हृष्ट-पुष्ट व्यक्तियों की तलाशी
   (b) मत्त (ड्रंक) व्यक्तियों की तलाशी
   (c) कम-से-कम हर पाँचवें व्यक्ति की तलाशी
   (d) केवल कुछ पुरुषों की तलाशी

89. निम्नलिखित में से किन वर्षों में, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अधिनियम में संशोधन किए गए ?
   (a) 1983, 1989, 1999 और 2011
   (b) 1983, 1991, 2001 और 2009
   (c) 1983, 1989, 1999 और 2009
   (d) 1983, 1989, 2001 और 2011

90. निम्नलिखित में से कौन-सा X-BIS (एक्स-बी.आई.एस.) का पूर्ण रूप है ?
   (a) एक्स-रे बैगेज इंस्पैक्शन सिस्टम
   (b) एक्स-रे बैगेज इमेजिंग सिस्टम
   (c) एक्स-रे बेस्ड इमेजिंग सिस्टम
   (d) एक्स-रे बैगेज आइडेंटिफाइंग सिस्टम

91. गृह मंत्रालय के अनुमोदन तथा निम्नलिखित में से किसके उपरांत किसी उपक्रम में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल का समावेश किया जाता है ?
   (a) महानिदेशक के आदेश
   (b) कांस्टेबलों की भर्ती
   (c) समावेशन-पूर्व की औपचारिकताएँ पूर्ण होने और प्रतिभूति जमा के भुगतान
   (d) समावेश किए जाने वाले सभी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कार्मिकों के प्रशिक्षण की समाप्ति

92. भारत में, निम्नलिखित में से किस बल को अपहरण-निरोध (एंटि-हाइजैकिंग) ऑपरेशनों के लिए नामोद्दिष्ट किया गया है ?
   (a) एस.पी.जी.
   (b) बी.एस.एफ.
   (c) एन.एस.जी.
   (d) सी.आई.एस.एफ.

93. सामान्यत: किस प्रयोजन के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तैनाती *नहीं* की जाती है ?
   (a) चुनाव ड्यूटी
   (b) उग्रवाद-निरोधक ड्यूटी (काउंटर-इन्सर्जेंसी ड्यूटी)
   (c) आपदा प्रबंधन ड्यूटी
   (d) वी.आई.पी. सुरक्षा ड्यूटी

94. किसी पहाड़ी क्षेत्र में सिविल निर्माण कार्य के कारण होने वाले भूस्खलन को क्या कहा जाता है ?
   (a) मानव-निर्मित आपदा
   (b) प्राकृतिक आपदा
   (c) उपर्युक्त में से कोई नहीं
   (d) उपर्युक्त (a) और (b) दोनों

95. केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल नियम, 2001 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी बड़ी शास्ति *नहीं* है ?
   (a) सेवा से पदच्युति
   (b) पदोन्नति को रोका जाना
   (c) अनिवार्य सेवानिवृत्ति
   (d) सेवा से हटाया जाना

86. Which one of the following is the highest category Protectee ?

(a) Z category protectee

(b) Z+ category protectee

(c) SPG protectee

(d) CISF protectee

87. During the outbreak of fire in a unit, which one of the following should ***not*** be done ?

(a) Stop the fire from spreading

(b) Reach the spot as early as possible with proper equipment and sufficient manpower

(c) Inform the local police and wait till the police arrives

(d) Rescue of the persons caught in the fire

88. Random frisking means frisking of :

(a) persons who are well-built.

(b) persons who are drunk.

(c) at least every fifth person.

(d) few male persons only.

89. In which of the following years were amendments in the CISF Act brought in ?

(a) 1983, 1989, 1999 and 2011

(b) 1983, 1991, 2001 and 2009

(c) 1983, 1989, 1999 and 2009

(d) 1983, 1989, 2001 and 2011

90. Which one of the following is the full form of X-BIS ?

